# न्यायालय राजस्व मण्डल, मध्यप्रदेश, ग्वालियर

**समक्षः श्री एम0के0 सिंह**
**सदस्य**

प्रकरण कमांक अपील 154––एक/14 विरूद्ध आदेश दिनांक 3–12–13 पारित द्वारा आबकारी आयुक्त, मध्यप्रदेश ग्वालियर प्रकरण कमांक 5(1)2013–14/3394

––––

मेसर्स सोम डिस्टलरी प्रा0 लि0 सेहतगंज
जिला रायसेन म0प्र0 ––––– अपीलांट

**विरूद्ध**

1– आबकारी आयुक्त, म0प्र0, ग्वालियर
2– उपायुक्त आबकारी, संभागीय उड़नदस्ता, भोपाल
3– सहायक आबकारी आयुक्त, जिला रायसेन
4– जिला आबकारी अधिकारी, विदिशा
5– जिला आबकारी अधिकारी, सोम डिस्टलरीज प्रायवेट लिमिटेड, सेहतगंज जिला रायसेन ––––– रिस्पोंडेंट्स

––––

अपीलांट की ओर से अधिवक्ता श्री के0के0 द्विवेदी ।
रिस्पोंडेंट की ओर से अधिवक्ता श्री डी.के. शुक्ला ।

––––

**:: आदेश ::**
**( आज दिनांक 11–03–15 को पारित )**

––––

यह अपील आबकारी आयुक्त, म0प्र0, ग्वालियर द्वारा प्रकरण कमांक 5(1)/2013–14/3394 में पारित आदेश दिनांक 3–12–13 के विरूद्ध म0प्र0 आबकारी अधिनियम, 1915 ( जिसे आगे आबकारी अधिनियम कहा जायेगा ) की धारा 62 (2) सी के तहत प्रस्तुत की गई है ।

2– प्रकरण के तथ्य संक्षेप में इस प्रकार हैं कि अपीलांट कंपनी को वर्ष 2011–12 में विदिशा प्रदाय क्षेत्र में देशी मदिरा प्रदाय करने की अनुमति आबकारी आयुक्त के पत्र दिनांक 15–2–11 द्वारा दी गई थी । जिला आबकारी अधिकारी, विदिशा ने अपने विभिन्न पत्रों द्वारा आबकारी आयुक्त को अवगत कराया गया कि मद्यभाण्डागार विदिशा, गंज बासौदा एवं सिंरोज में माह सितम्बर 2011 से मार्च 2012 तक भरी हुई बोलतों का संग्रह निर्धारित न्यूनतम स्कंध के अनुसार नहीं रखा गया है, जिससे मदिरा प्रदाय हेतु **चालान** लंबित रहे हैं । इस संबंध में अपीलांट को दिनांक 1–6–12 को कारण बताओ **सूचनापत्र**

